भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 706 का उत्तर

रेलवे लाइनों का विस्तार

706. श्री हनुमान बैनिवालः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राजस्थान में रेलवे लाइनों, रेल सेवाओं के विस्तार का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) राजस्थान में दोहरीकरण हेतु मंजूर की गई रेलवे लाइनों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में वास्तविक प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

Sk

रेलवे लाइनों के विस्तार के संबंध में 26.06.2019 को लोक सभा में श्री हनुमान बैनिवाल के अतारांकित प्रश्न सं. 706 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): जी हां। आज की तारीख में राजस्थान राज्य में पूर्ण रूप से / आंशिक रूप से पड़ने वाली, 12,361 करोड़ रुपये की लागत की 1238 किलोमीटर की लंबाई को कवर करने वाली 11 नई लाइन परियोजनाएं, योजना / मंजूरी / निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

(ख): इस समय, राजस्थान राज्य में आंशिक रूप से / पूर्ण रूप से पड़ने वाली, 42820 करोड़ रुपये की लागत की 4521 किलोमीटर की लंबाई को कवर करने वाली 13 दोहरीकरण परियोजनाएं हैं और ये परियोजनाएं योजना / मंजूरी / निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। इन परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना	बजट में शामिल करने का वर्ष	नवीनतम प्रत्याशित लागत (करोड़ रु. में)	मार्च, 2019 के अनुसार व्यय (करोड़ रु. में)	परिव्यय 2019-20 (करोड़ रु. में)	परियोजना की स्थिति
	दोहरीकरण					
1	स्वरूपगंज - आबू रोड कहीं- कहीं दोहरीकरण, (26 किलोमीटर)	2010-11	165	76.31	10	स्वरूपगंज - भीमना (8.60 किमी) खंड को यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष खंड में कार्य शुरू

Sk

						कर दिया गया है।
2	आबू रोड-सरोत्रा रोड (23.55 किलोमीटर)	2010-11	131.41	103.13	10	मावल- श्री अमीरगढ़ - सरोत्रा रोड (13.61 किमी) यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष खंड में कार्य शुरू कर दिया गया है।
3	महादेवखेड़ी-मालखेड़ी (290.37 किमी) सहित बीना-कोटा का सामग्री आशोधन	2011-12	1570.26	936	240	बारां-पिपलोद रोड - सलपुरा (41.9 किमी) खंड को यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष खंड में कार्य शुरू कर दिया गया है।
4	अजमेर-बांगुरग्राम (48.43 किलोमीटर)	2011-12	244	217.50	50	मांगलियावास-बांगुरग्राम (21 किमी) खंड को यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष खंड में कार्य शुरू कर दिया गया है।
5	बांगुरग्राम - गुरिया कहीं - कहीं दोहरीकरण	2012-13	349	148.57	63	हरिपुर - गुरिया (9 किमी) खंड को यातायात के लिए खोल

Sk

	(47 किलोमीटर)					दिया गया है। शेष खंड में कार्य शुरू कर दिया गया है।
6	अलवर - बांदीकुई (60.37 किलोमीटर)	2013.14	349	251.57	54	अलवर - ढीगवाड़ा (29.80 किमी) खंड को यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष खंड में कार्य शुरू कर दिया गया है।
7	नीमच-चित्तौड़गढ़ (56 किमी)	2015-16	389.98	138.28	140	शंभूपुरा-चितौड़गढ़ (11.67 किमी) खंड को यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष खंड में कार्य शुरू कर दिया गया है।
8	फुलेरा-डेगाना (108 किमी)	2015-16	686	4.53	150	कार्य शुरू कर दिया गया है।
9	मथुरा - झांसी तीसरी लाइन (274 किलोमीटर)	2015-16	3677.76	343	275	कार्य शुरू कर दिया गया है।
10	आगरा फोर्ट - बांदीकुई (150 किलोमीटर)	2018-19	1388.81	-	0.1	अपेक्षित सरकारी मंजूरी की प्राप्ति के अध्यधीन परियोजना

						को बजट 2018-19 में शामिल कर लिया गया है।
11	डेगाना-राय का बाग (145 किलोमीटर)	2018-19	808.35	-	75	परियोजना के निष्पादन के लिए प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।
12	मथुरा-धौलपुर चौथी लाइन (107 किलोमीटर)	2018-19	2945.75	-	0.1	अपेक्षित सरकारी मंजूरी की प्राप्ति के अध्यधीन परियोजना को बजट 2018-19 में शामिल कर लिया गया है।
13	धौलपुर - झांसी-बीना चौथी लाइन (321.80 किलोमीटर)	2018-19	4869.95	-	0.1	अपेक्षित सरकारी मंजूरी की प्राप्ति के अध्यधीन परियोजना को बजट 2018-19 में शामिल कर लिया गया है।

******

Sk